Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 29 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. रविवार, 14 जुलाई 2024

पति आनंद संग महिला विंबलडन... पेज-3 पर

News कॉर्नर

### चुनावी हार की समीक्षा होगी: प्रदेश अध्यक्ष भट्ट

**देहरादून।** दोनों सीटों पर मिली शिकस्त के बाद अब भाजपा के दिग्गजों को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष हार के कारणों का हिसाब देना होगा। मंगलौर और बदरीनाथ विधानसभा सीटें भाजपा के कब्जे वाली नहीं थी, लेकिन पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व चाहता था कि ये दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाएं ताकि जीत के जरिये पार्टी आसन्न निकाय चुनाव में अपने पक्ष में वातावरण बना सके। दोनों सीटों पर मिली शिकस्त के बाद अब भाजपा के दिग्गजों को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष हार के कारणों का हिसाब देना होगा। 15 जुलाई को होने वाली पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भी इस मुद्दे पर मंथन होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कहते हैं, हार से भी सबक लिया जाता है। इसलिए कार्यसमिति की बैठक में दोनों सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजों की समीक्षा होगी। कांग्रेस की प्रचंड जीत नहीं हो पाई और वह 422 वोटों के अंतर पर सिमट गई। हम मंगलौर में बढ़े हैं।

### चार जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** आने वाले दिनों की बात करें तो 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की यही स्थिति रहने के आसार हैं। प्रदेश के चार जिलों में रविवार को भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अल्मोड़ा, टिहरी, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार जिले के कुछ इलाकों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों की बात करें तो 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश की यही स्थिति रहने के आसार हैं। पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। बारिश और मलबा आने की वजह से लोक निर्माण विभाग के 49 मार्ग और बाधित हो गए हैं। इससे पहले बीते शुक्रवार को 67 रास्ते बाधित हुए थे। विभाग का कहना है कि बीते दो दिन में कुल 116 रास्ते बाधित हो गए।

# भाजपा को बदरीनाथ और मंगलौर सीट पर मिली हार, कांग्रेस में जश्न

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की दो विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव हुए थे। मंगलौर सीट पर बसपा विधायक के निधन के बाद से यह सीट खाली चल रही थी। जबकि बदरीनाथ सीट पर लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। आज इन दोनों सीटों के परिणाम आ गए हैं, जिसमें कांग्रेस ने जीत हासिल की।

मंगलौर सीट पर रिकाउंटिंग की चर्चा सामने आई है, जिस पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे में बताया कि मंगलौर में काउंटिंग पूरी हो गई है। दूसरे प्रत्याशी की ओर से रि काउंटिंग की एप्लीकेशन आई है। अब वहां के आरओ को इस पर फैसला लेना है कि रि काउंटिंग होगी या नहीं।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना किया शुरू

नौ राउंड की मतगणना के बाद बदरीनाथ सीट कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी के साथ कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना भी शुरू कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने पिछले दस साल में यह पहली जीत दर्ज की है। बदरीनाथ और मंगलौर का चुनावी समर भाजपा के विजय रथ की कड़ी परीक्षा था। चंपावत और बागेश्वर उपचुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में जीत से भाजपा के हौसले बुलंद थे,लेकिन उपचुनाव के नतीजों में बड़ा उलटफेर हो गया।

एक शूटर को सीक्रेट सर्विस ने मार गिराया

# अमेरिका: ट्रंप की रैली में गोलीबारी बंदूकधारी समेत दो लोगों की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट खेमे के नेता प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। हालांकि, ताजा घटनाक्रम में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को निशाना बनाकर गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है। ट्रंप सुरक्षित हैं। कथित तौर पर हमला करने वाले एक शूटर को सीक्रेट सर्विस ने मार गिराया। रैली में मौजूद एक अन्य शख्स की मौत भी हुई है।

गोली चलने के बाद मची अफरा-तफरी के बीच पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को एक काफिले में ले जाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी बयान के मुताबिक ट्रंप सुरक्षित हैं। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने दो टूक कहा है कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। सीक्रेट सर्विस प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने कहा कि पेन्सिलवेनिया में 78 वर्षीय ट्रंप की रैली वाली जगह पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने शूटर को मार गिराया। सीक्रेट सर्विस के जवान जब ट्रंप को मंच से दूर सुरक्षित जगह पर ले जा रहे थे, उसी समय उनके समर्थकों ने उनके समर्थन में नारे लगाए। ट्रंप को हवा में मुट्ठी बांध कर कुछ कहते देखा गया।



### सुरक्षित हैं पूर्व राष्ट्रपति

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप सुरक्षित हैं। शनिवार को पेंसिल्वेनिया में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की रैली में गोली चलने की घटना के बाद उनकी सरक्षा बढ़ाई गई है। आसपास सभी सुरक्षात्मक उपाय लागू किए गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक सीक्रेट सर्विस विभाग के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिल्मी ने एक्स पर जारी बयान में कहा, 13 जुलाई की शाम को पेन्सिलवेनिया में ट्रंप की रैली में एक घटना घटी।

# पीएम मोदी ने दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली
एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस घटना पर चिंता जताई। राहुल ने कहा कि मैं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास पर चिंतित हूं।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक चुनावी रैली के दौरान हुए हमले को लेकर दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्षों ने चिंता जताई है। इनमें एक नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी है। पीएम मोदी ने रविवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह अपने दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने इस घटना की निंदा भी की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, दोस्त डोनाल्ड ट्रंप पर हमले से काफी चिंतित हूं। इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्रों में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उनके जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अमेरिकी लोगों के लिए हमारी प्रार्थनाएं।

### राहुल गांधी ने भी किया पोस्ट

दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस घटना पर चिंता जताई। राहुल ने कहा कि मैं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास पर चिंतित हूं। इस तरह की घटनाओं की सख्त से सख्त आलोचना होनी चाहिए। उनके जल्दी और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को एक रैली के दौरान हमला हो गया। बताया गया है कि एक शूटर ने काफी ऊंचाई वाली जगह से ट्रंप पर गोलीबारी की। घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसमें ट्रंप के कान के पास से खून निकलता देखा जा सकता है। इस घटना के बाद ट्रंप खतरे से बाहर हैं। उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर बयान जारी कर खुद को गोली लगने के बारे में बताया है।

# रेडियो एक्टिव उपकरण की करोड़ों में हो रही थी डील, पूर्व आईटी अधिकारी फरार

देहरादून
हमारे संवाददाता

राजपुर क्षेत्र में एक फ्लैट में मिले रेडियो एक्टिव उपकरण में जांच के बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों पर धाराएं बढ़ा दी हैं। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में दो अन्य संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामले में पूर्व इनकम टैक्स अधिकारी श्वेताभ सुमन पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है, जो अभी फरार है। आरोपी इन डिवाइस को ऊंचे दामों में बेचकर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाना चाहते थे। यहां आरोपी आगरा के एक आरोपी से इन डिवाइस का सौदा कर रहे थे।

बृहस्पतिवार को राजपुर क्षेत्र में आयकर विभाग के एक पूर्व अधिकारी के आवास पर रेडियोएक्टिव मेटिरियल उपकरण की खरीद-फरोख्त की डील चल रही थी। सूचना पर पुलिस ने फ्लैट से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस पर निर्माता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी/ बीआरआईटी, वाशी कांप्लेक्स सेक्टर 20 वाशी नवी मुंबई लिखा हुआ मिला।

यहां मौके पर नरोरा एटॉमिक पावर स्टेशन की टीम और एसडीआरएफ ने भी पहुंचकर जांच की थी। इन डिवाइस को जांच के लिए भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर भेजा गया। जहां शनिवार को जांच रिपोर्ट आई। इसमें खुलासा हुआ कि डिवाइस में बिना किसी मापदंड के कैमिकल का उपयोग किया गया है। इसे देखते हुए पुलिस ने आरोपियों पर धाराएं बढ़ा दी हैं।

# आज से रावल अमरनाथ नंबूदरी होंगे बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी

देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

आदिगुरु शंकराचार्य के कालखंड से अभी तक 20 रावल धाम में पूजा-अर्चना का सेवा दायित्व निभा चुके हैं। अब 21वें रावल 30 वर्षीय नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी बदरीनाथ में पूजा पाठ का दायित्व संभालेंगे।

बदरीनाथ धाम में नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी अब मुख्य पुजारी होंगे। शनिवार को उनका तिलपात्र हुआ था। जिसके बाद आज उन्होंने धाम में स्थित पंचधाराओं में जाकर वहां के जल से स्नान किया। इसके बाद वह मंदिर पंहुचे और मंदिर परिसर में स्थित हवन कुंड में हवन किया। फिर तप्त कुंड में स्नान के बाद उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। यहां पहले से मौजूद निवर्तमान रावल के साथ बाल भोग व आरती करने के बाद दोनों रावल स्वर्ण छड़ी के साथ रावल निवास में पंहुचे। अब से मंदिर में होने वाली समस्त पूजाएं नए रावल अमरनाथ ही करेंगे।



बदरीनाथ धाम में रावल परंपरा करीब 250 सालों से चली आ रही है। तब से यह परंपरा निर्बाध रूप से चल रही है। दक्षिण भारत के नंबूदरी ब्राह्मण ही मंदिर के रावल नियुक्त किए जाते हैं। बदरीनाथ धाम में मुख्य पुजारी को रावल कहा जाता है। बदरीनाथ के मुख्य पुजारी को यह उपाधि टिहरी नरेश प्रदीप शाह ने दी थी। सन 1776 में टिहरी के राजा प्रदीप शाह बदरीनाथ के प्रवास पर आए थे। उन्हें पता चला कि बदरीनाथ के मुख्य पुजारी जो उस समय के शंकराचार्य हुआ करते थे वे ब्रह्मलीन हो गए हैं, जिससे मंदिर में नियमित पूजा नहीं हो पा रही है।

मंदिर में नियमित पूजा चलती रहे और उसमें कोई व्यवधान न हो इसके लिए उन्होंने व्यवस्था बनाने की जरूरत थी। उन्होंने गोपाल नंबूदरी को बदरीनाथ धाम का प्रथम रावल नियुक्त किया। जिसके बाद से धाम में रावल परंपरा शुरू हो गई। पहले यह व्यवस्था राजपरिवार के पास थी, बाद में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से रावल की तैनाती की जाने लगी।

# भूस्खलन को लेकर प्रशासन ने किया निरीक्षण


**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल चायना पीक की पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबा तलहटी में बसे लोगों के लिए खतरा बन रहा है। बारिश के दौरान क्षेत्रवासी खतरे की संभावना जता रहे हैं। खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में का निरीक्षण किया है। सिंचाई विभाग को पहाड़ी में सुरक्षा कार्य करने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

आपको बता दें कि बीते लंबे समय से चायना पीक की पहाड़ी में बीते लंबे समय से लगातार भू-स्खलन हो रहा है। पहाड़ी से बोल्डर, पत्थर गिरने से इसके ठीक नीचे तलहटी में आबादी क्षेत्र को खतरा हो जाता है। कई बार स्थानीय लोग भूस्खलन की आवाज सुन रात में घरों से सुरक्षित स्थान की ओर भागते हैं।

बरसात में भी यहां भू-स्खलन की घटनाएं कई बार हुई हैं। इधर भारी बारिश के दौरान क्षेत्र में पत्थर गिरने शुरू हो गए हैं। इससे क्षेत्रवासी भयभीत हैं। हालांकि मलबा या पत्थर आबादी तक नहीं पहुंचा।



लेकिन पत्थरों के गिरने का सिलसिला जारी है। सूचना के बाद क्षेत्र में जिला प्रशासन की टीम की ओर से क्षेत्र में निरीक्षण किया गया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि चायनापीक क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है क्षेत्र में पत्थर गिर रहे हैं। पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबे को रोकने के लिए तकनीकी टीम की ओर से सर्वे कराया जाएगा। साथ ही सिंचाई विभाग को भी क्षेत्र से गिरते पत्थरों को सड़क तक आने से रोकने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मूसलाधार बारिश से स्नोव्यू क्षेत्र में पेड़ गिरा

**नैनीताल।** इन दिनों हो रही भारी बारिश आफत बनकर बरस रही है। वहीं नैनीताल में शुक्रवार की देर हुई मूसलाधार बारिश से स्नोव्यू क्षेत्र में बांज का भारी भरकम पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुन देर रात आसपास निवासरत लोग भी बाहर निकल आए। हालांकि गनीमत रही की कोई आवासीय भवन और व्यक्ति पेड़ की चपेट में नहीं आया। लेकिन क्षेत्र निवासी कौस्तुबा नंद जोशी का शौचालय बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम पेड़ को काटकर हटाने में जुटी हुई है। यह पेड़ स्नो व्यू क्षेत्र में रात के तीन बजे गिरा जिसकी चपेट में आने से सड़क किनारे की रेलिंग और कौस्तुबानंद जोशी का शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह लोगों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच गयी है। टीम पेड़ को हटाने में जुटी हुई है।

## सूखाताल व धूपकोठी क्षेत्र में बंदरों का छाया आतंक पिंजड़ा लगाने की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल के सूखाताल व धूपकोठी क्षेत्र में इन दिनों बंदरो का जबरदस्त आतंक छाया हुआ है। जिस पर लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पिंजड़ा लगाने की मांग की है।

बता दें कि नैनीताल में लावारिश कुत्तों के बाद अब बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। हर महीने नगर में बंदर लगभग पांच लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। इन दिनों सूखाताल व धूपकोठ क्षेत्र में बंदरो ने आतंक मचाया हुआ है। आतंक मचाते बंदर कई लोगों को काट चुके हैं। सूखाताल निवासी विजय लक्ष्मी थापा ने बताया कि बीते दिनों उनको उनकी छत पर बंदरों ने काट लिया।

बताया कि बंदर घरों के अंदर से खाने का सामान निकालकर ले जा रहे हैं। साथ ही लोगों को नुकशान पहुँचा रहे हैं। जिससे लोग डरे हुए हैं। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों के आतंक की सूचना प्राप्त हुई है। क्षेत्र में पिंजरा लगाकर बंदरो को पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा।



## हरेला सप्ताह के तहत वृहद स्तर पर सफाई अभियान और पौधारोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से हरेला सप्ताह के तहत शनिवार को भी वृहद स्तर पर सफाई अभियान और पौधारोपण किया गया।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने समूचे कुमाऊं मंडल में जहां पौधारोपण किया वहीं सूखाताल नैनीताल क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ो पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी अपनी मांगों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। कहा कि जब भी निगम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते हैं तो वह पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी करते हैं। विगत कई वर्षों से उनकी ओर से समुचे कुमाऊं व गढ़वाल मंडल में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा चुका है।

कार्यक्रम में महामंत्री कंचन चंदोला, पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, गणेश चन्याल, महेश चंद्र, पदम सिंह, बलवंत सिंह, सोनू बोरा, नरेंद्र थापा, वेद प्रकाश, कैलाश आर्य, महेश कुमार, पान सिंह सहित निगम कर्मी मौजूद रहे।

## सीएम और पर्यावरण मंत्री से की वर्षा ऋतु में चौड़ी पत्ती के वृक्षों को लगवाने की मांग

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**



ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड सरकार मुख्यमंत्री व पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर उत्तराखंड में पेयजल संकट, वनाग्नि घटना व जल संरक्षण के लिए चीड़ वृक्ष को हटाकर वर्षा ऋतु में हरियाली दिवस पर चौड़ी पत्ती के वृक्षों को लगवाने की मांग की है। बताया है कि उत्तराखंड के पर्वतीय भू भाग के संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है पर्वतीय भू भाग में आग व पेयजल संकट को इस वर्ष सभी ने देखा है जिसका दुष्परिणाम विगत ग्रीष्म ऋतु में सभी को झेलना पड़ा तथा भविष्य में यदि शासन प्रशासन द्वारा नई पहल नहीं की गई तो भविष्य में इससे भी अधिक दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे ब्लॉक प्रमुख डा. बिष्ट ने कहा पेयजल संकट व वनागिन का मुख्य कारण चीड़ प्रजाति वृक्ष ही है जो आग को अचानक पकड़ता है तथा उसमें गिरने वाले कोन पहाड़ी के टॉप से तलहटी तक जलते हुए और अधिक आग फैलाने का कार्य करता है- पेयजल श्रोतों को भी सुखाता है अपने आसपास अन्य चौड़ी प्रजाति वृक्ष को पनपने नहीं देता चीड़ से ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि में कृषि उत्पादन भी नही हो पाती। भविष्य में पेयजल संकट वनों को खतरा मडराने की आशंका वयक्त की है चीड़ वृक्ष को हटाने की पंचायत स्तर से चौड़ी पत्ती वृक्षों को लगाने की पहल की माग की है चीड़ वृक्ष को वनों से हटाने की मांग की है इसके स्थान पर चौड़ी पत्ती के वृक्षों को लगाने की मांग की है ताकि उत्तराखंड के भविष्य को बचाया जा सके व पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। भविष्य में सदाबहार वन व फलदार आम, जामुन, जैसे पेड़ भी विकसित हो सके। ताकि पहाड़ों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से भी बचा जा सके।

## NEWS / फटाफट

### भव्य हरेला महोत्सव की तैयारियां शुरू



**नैनीताल।** लेक सिटी वैलफेयर क्लब ने 20 व 21 जुलाई को भव्य हरेला महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढ़ोढीयाल के नेतृत्व में विभिन्न उप समितियों का गठन कर सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है। इस दौरान अध्यक्ष ज्योति ढ़ोढीयाल ने बताया कि इस बार हरेला महोत्सव भव्य एवं दिव्य रूप से मनाया जाएगा। सचिव दीपा पांडे ने बताया कि 20 एव 21 जुलाई को आयोजित भव्य समारोह का उद्घाटन 20 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी द्वारा किया जाएगा। 20 जुलाई को बारह बजे से गोवर्धन हॉल से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। यह साँस्कृतिक शोभा यात्रा बाजार भ्रमण करते हुए सीआरएसटी इण्टर कॉलेज में एकत्र होगी। उसके पश्चात सास्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रगति जैन ने बताया कि इस बार पंजाब एवं राजस्थान की सांस्कृतिक टीमों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के साँस्कृतिक दलों एवं स्कूली बच्चों के साथ स्थानीय महिला समूहों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### हरेले पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर में हरियाली एवं प्रकृति संरक्षण में मानव की भागीदारी के लिए हरेले पर्व के अवसर पर शनिवार को तुलसी पौधारोपण किया गया। तुलसी को ओसीमम संकटिम कहते है भारतीय संस्कृति का प्रतीक जिसके गुणों का उल्लेख वेदों में भी मिलता है विटामिन सी व जिंक से भरपूर है इसमें एंटी बैक्टिरियल, एंटीवायरल, एंटी फंगल गुण भी है। तुलसी को हरिप्रिया , विष्णुप्रिय, वृंदा, श्यामा भी कहते है इसकी चाय भी प्रसिद्ध है। विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा वनस्पति विज्ञान विभाग में तुलसी पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान डीन एग्रीकल्चर प्रो.जीत राम , विभागाध्यक्ष प्रो.सुरेंद्र सिंह बर्गली , प्रो.नीलू लोधियाल ,प्रो.सुषमा टम्टा , डॉ.नवीन पांडे, डॉ. हेम जोशी, डॉ. प्रभा पंत ,डॉ. हिमानी कार्की ,खीमराज , जगदीश पपने,गोपाल बिष्ट, लीला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### हीरानगर पार्क में किया पौधरोपण



**हल्द्वानी।** वसुदेव कुटुंबम जनहित फाउंडेशन के तत्वावधान में कैमिस्टों ने हीरानगर पार्क में रविवार को पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से धरा को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## कांग्रेस को मिली जीत के बाद प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान वितरण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट में हुए उपचुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता काफी खुश और उत्साहित नजर आए।

कांग्रेस की जीत के बाद नैनीताल में कांग्रेस ने गांधी चौक पर एकत्र होकर जबकि यूथ कांग्रेस ने पंत पार्क में एकत्रित होता मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने कहा देश में तेजी से बढ़ रही महंगाई,बेरोजगारी और महिलाओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं और भाजपा की नीतियों के चलते हैं आज देशभर में जनता परेशान है।



जिसके चलते पहले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उसका खामियाजा भुगतान पड़ा तो वहीं अब उपचुनाव में भी भाजपा को करारी हार मिली है। इस दौरान अनुपम ने कहा आने वाले समय में निकाय चुनाव नजदीक है। उच्च चुनाव में मिली जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। निकाय चुनाव में भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान कैलाश अधिकारी,त्रिभुवन फर्तियाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी, यूथ विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ टंडन, संजय कुमार, कैलाश भट्ट,रविंद्र प्रताप, नवीन बिष्ट राकेश वर्मा, प्रेम,कुलदीप यादव, सौरभ शिव रौतेला समेत कांग्रेसी मौजूद रहे। इधर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम बगड़वाल दिनेश कर्नाटक पप्पू जीतू पांडे आदि कांग्रेस ने भी मिठाई वितरण कर एक दूसरों को जीत की शुभकामनाएं दी

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## खतरे की अनदेखी

***अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की पहली बरसात में ही भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें यातायात के लिए बंद हो गईं। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।***

शासन और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठना मामूली बात है। मानसून शुरू होते ही हादसे होने लगे। हाईकोर्ट ने नदियों के चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत कार्य और मलबा नहीं उठाने के मामले में उत्तराखंड सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मानसून की पहली बारिश में ही कई नदियों में आई बाढ़ से भूकटाव होने लगा। हल्द्वानी की गौला नदी ने पिछले साल मानसून के दौरान रेल की पटरियों के नीचे भूकटाव करके ट्रेन यातायात बाधित कर दिया था। सर्दी और गर्मी का मौसम बीत गया, लेकिन मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। बरसात शुरू होने पर रेलवे ट्रैक को पुख्ता करने की याद आई। यह सिर्फ एक उदाहरण है, प्रदेश की अन्य नदियों द्वारा पिछले साल बरसात के दौरान बाढ़ और भूकटाव से जिन बस्तियों को खतरा पैदा हुआ था, उनकी मरम्मत का काम नहीं किया गया। जनहित याचिका में कहा गया है कि नंधौर, गौला, कोसी, गंगा, दाबका आदि नदियों से हो रहे भूकटाव से आबादी वाले क्षेत्रों को खतरा उत्पन्न हो गया है। पिछले साल नदियों में उफान से हजारों हेक्टेयर वन भूमि, पेड़ और सरकारी योजनाएं बह गई थीं। चैनलाइजेशन नहीं करने से नदियों ने अपना रुख आबादी की तरफ कर लिया है। पिछले साल ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़ से भारी क्षति हुई थी। हल्द्वानी में गौला नदी में बाढ़ से सबसे अधिक खतरा रेलवे ट्रैक को होता है। काठगोदाम से किच्छा तक रेल लाइन गौला नदी के किनारे से गुजरती है। हर साल किसी न किसी जगह गौला के भूकटाव से रेलवे लाइन हवा में झूलने लगती है। ट्रेनों का संचालन स्थगित करना पड़ता है। पिछले साल हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर ही रेल लाइन के नीचे की जमीन को गौला नदी की बाढ़ ने खोखला कर दिया था। दूसरी लाइन से यातायात का संचालन किया गया। मानसून का मौसम बीत जाने के बाद भूकटाव से हुई क्षति को दुरुस्त नहीं किया गया। इस साल बरसात शुरू होने पर मरम्मत की जा रही है, जबकि सर्दी और गर्मी के मौसम में नदी का रुख बदला जा सकता था। अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की पहली बरसात में ही भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें यातायात के लिए बंद हो गईं। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।

# नेशनल हाईवे किनारे स्थित मकानों पर चला पीला पंजा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



हाईकोर्ट के आदेश पर ग्राम भगवानपुर कोलडिया में भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में मकानों पर पीला पंजा चला । पुलिस की संख्या को देखते हुए वहां पर किसी ने भी विरोध नहीं किया और ना ही कोई जनप्रतिनिधि पहुंचा। कई घंटे तक चली कार्रवाई के चलते यातायात वनपे रहा।

बताते चले कि काशीपुर हाईवे किनारे स्थित भगवानपुर कुलडिया में 46 परिवार पिछले कई वर्षो से काबिज थे। पिछले दो सालों में पीडब्लूडी विभाग ने उक्त भूखंड पर अधिकार जमाते हुए हाईकोर्ट में याचिका डाली। अदालत का फैसला पीडब्ल्यूडी विभाग के हक में आया। जिसके बाद 11 जुलाई को जिला एवं पुलिस प्रशासन की देखरेख में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई,लेकिन दोपहर बाद अचानक माहौल बिगड़ने के बाद कार्रवाई को रोक दिया गया था और कब्जा धारकों को चौबीस घंटे की मोहलत देते हुए टीम वापस लौट गई थी। समय अवधि निकलने के बाद शनिवार को पुलिस प्रशासन ने अभेद रणनीति बनाकर सुबह आठ बजे एसडीएम मनीष बिष्ट,कौस्तुभ मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल,सीओ अनुषा बडोला, सीओ सिटी निहारिका तोमर, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, सीएफओ निशांत कटारिया के अलावा पीएसी और जिले भर के थाना-चौकियों से पुलिस बल के साथ भगवानपुर कुलडिया पहुंचे।

छावनी में तब्दील गांव को देख कब्जाधारी खौफजदा हो गए। अराजकता से निपटने की पूरी तैयारी के साथ पहुंचा पुलिस प्रशासन को देखकर कब्जा धारकों के सामने गिड़गिड़ाने के सिवाय कुछ नहीं था और देखते ही देखते मकानों पर पीला पंजा चलना शुरू हो गया। जेसीबी मशीनों ने 46 घोषित अतिक्रमणकारियों के आशियाने को धराशायी कर दिया। प्रशासन की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को देखकर हर कोई हैरान था।

भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में प्रशासन की कार्रवाई का कोई भी व्यक्ति विरोध नहीं कर सका। मजेदार बात तो यह रही कोई जनप्रतिनिधि भी नहीं पहुंचा। जबकि प्रशासन की पहले दिन हुई कार्रवाई के दौरान रुद्रपुर विधायक समेत कई अन्य नेता पहुंचे थे। बाजपुर, खटीमा, ट्रांजिट कैंप, किच्छा, रुद्रपुर के कोतवालों के अलावा सुल्तानपुर पट्टी, दोराहा से चौकी प्रभारी फोर्स के पहुंचे। पुलिस लाइन से भी फोर्स रहा।

**कार्रवाई**

- **अतिक्रमण हटाने के दौरान कोर्ट के आदेश पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की रही मौजूदगी**
- **पीडब्ल्यूडी उक्त भूमि पर हक जताते हुए कोर्ट में डाली थी याचिका**

**एसपी सिटी संभालें रहे कमान:** शनिवार को ग्राम भगवानपुर कोलडिया में कोर्ट के आदेश पर हटाये गए चिन्हित अतिक्रमण के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल कमान संभालें रहे। यह कार्रवाई कई घंटे तक चली। तपतपाती धूप में फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

**पीड़ित परिवार बिल्डरों के अलावा पुलिस के अधिकारियों को कोसते नजर आए:** पीड़ित परिवार उनके मकानों पर जेसीबी मशीन चल रही तो वह बिल्डरों के अलावा पुलिस के अधिकारियों को कोसते नजर आ रहे। पीड़ित परिवार आरोप लगा रहे कि पुलिस उनको मलवा भी नहीं उठाने दे रही। ऐसी कौन-सी मजबूरी।

## चिड़ियाघर में वन दरोगा का स्वास्थ्य बिगड़ा, उपचार के दौरान मौत

**नैनीताल।** नैनीताल के चिड़ियाघर में तैनात वन दरोगा का अचानक से स्वास्थ्य बिगड़ गया। आनन फानन में परिजन दरोगा को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुँचे। जहां पर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार चिड़ियाघर परिसर निवासी 56 वर्षीय राजेंद्र कुमार जोशी चिड़ियाघर में ही तैनात थे। शनिवार सुबह वह अपने घर पर नहाने के लिए जा रहे थे तभी वह जमीन पर गिरे और बेसुध हो गए। उन्हें जमीन पर पड़ा देख तत्काल उन्हें बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। जिसके बाद पहुंची तल्लीताल पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि मौत की प्रथम दृष्टया हृदयघात लग रहा है। असल कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

# एसएसपी के निर्देश पर ससुरालियों पर मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

महिला एवं बाल हैल्प लाइन के निर्देश पर पुलिस ने दहेज लोभियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला हेल्प लाइन ने कार्रवाई की संस्तुति की थी। दर्ज कराई रिपोर्ट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से 19 नवम्बर 2022 को आदिल पुत्र बाबू खान निवासी ग्राम लखपेरा गंज जमकोहना थाना रामापुर जिला लखीमपुर खीरी सें सम्पन्न हुआ। उसका एक पुत्र वारिस खान 3 माह है। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति आदिल, अपने भाई इकरार उसकी पत्नी रिजवाना से एकराय होकर उसको विवाह में कम दहेज लाने के ताने देते हुए तथा दहेज में मायके से एक लाख रुपये नकद लाकर देने के लिए प्रताड़ित करने लगे। जिसके चलते पति आदिल ने भाई इकरार व भाभी रिजवाना के साथ मिलकर जून 2023 के पहले सप्ताह की एक रात में अपनी दहेज की उत्तफ माँग के लिए गाली-गलौच कर बुरी तरह पीटा। पीड़िता का आरोप है कि उक्त तीनों ने 14 अक्टूबर 23 की रात उसको 7 माह की गर्भवती हालत में फिर मारपीट की। पति आदिल ने बेल्ट से उसका गला दबा दिया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गयी तो पति ने उसे हस्पिटल में भर्ती कराया। पता चलने पर परिजन उसकी ससुराल आये और अपने साथ ले गये। पति, जेठ व जेठानी ने धमकी दी दहेज की माँग पूरी किए बिना इस घर में वापिस नहीं आना। रूद्रपुर के हॉस्पीटल में एक पुत्र वारिस खान का जन्म हुआ। जिसकी सूचना सूचना पर भी ससुराल से कोई नहीं आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आरोप**

- **दोनों पक्षों में सुलह नहीं होने पर महिला हेल्प लाइन ने की थी कार्रवाई की संस्तुति**

## मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला

बुलेट बाइक की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र प्रीत विहार निवासी पीड़िता ने कहा है कि उसकी शादी एक साल पहले मुस्लिम रिति रिवाज के साथ आदिल उर्फ शेरा पुत्र स्व. छुटने खां निवासी ग्राम सिसई किच्छा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति आदिल, ननद रिना, व बिचौलिया उसे दहेज को लेकर मारपीट कर तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। बुलेट बाईक की मांग कर रहे। शादी के बात पता लगा कि पति नशे का आदि है जिसकी पहले शादी हो चुकी है। जिसकी पहली पत्नी से एक लड़की भी है। जोकि 2 साल होने वाली है। पीड़िता का कहना है कि 3 अप्रैल 24 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिल्मी दुनिया

## पति आनंद संग महिला विंबलडन का फाइनल देखने पहुंचीं सोनम कपूर




*हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री सोनम कपूर अपने पति आनंद आहूजा के साथ लंदन में महिला विंबलडन का फाइनल देखने पहुंचीं। इस खूबसूरत जोड़े को हाथों में हाथ डालकर बड़ी सी मुस्कान के साथ कैमरे के सामने पोज देते हुए देखा गया। एक साथ दोनों की जोड़ी कमाल लग रही थी। अपने फैशन सेंस के लिए मशहूर सोनम ने पीले, नीले और काले रंग की धारियों वाले को-ऑर्ड सेट, स्लीक ब्लैक शूज और एक स्टाइलिश ब्लैक बैग के साथ खुद को स्टाइल किया था। दूसरी ओर आनंद ने ग्रे शर्ट और ब्लैक ट्राउजर में काफी हैंडसम लग रहे थे। सोनम ने इवेंट में जाने के अपने उत्साह को भी साझा किया। अपनी इंस्टाग्राम उन्होंने विंबलडन महिला फाइनल को लेकर कई स्टोरीज शेयर कीं। एक वीडियो में वह कहती दिखीं, महिला विंबलडन का फाइनल देखने जा रही हूं। बहुत उत्साहित हूं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई एक तस्वीर में उन्होंने लिखा, मुझे जीवन में हमेशा सर्वश्रेष्ठ दिखाने के लिए आनंद आहूजा मुझे आपसे प्यार है।*

*वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम कपूर आखिरी बार 2023 में रिलीज होने वाली फिल्म ब्लाइंड में नजर आई थीं। फिल्म को दर्शकों से मिले-जुले रिव्यू मिले थे। सोनम लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय नहीं हैं।*

### आगामी फिल्म बैटल फॉर बिटोरा

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी आगामी फिल्म बैटल फॉर बिटोरा है। इस फिल्म को लेकर फिलहाल कोई ताजा अपडेट नहीं आया है। वहीं, उनके पास एक और प्रोजेक्ट है, जिसकी जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।*



# कांग्रेस के ईमानदार कार्यकर्ताओं की जीत, अहंकारी शासन की हार : मनोज

**धारी**

**हमारे संवाददाता**



भीमताल विधानसभा से कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश की दोनों विधानसभाओं में हुये उपचुनाव में दोनों सीटों पर कांग्रेस की बड़ी जीत से कांग्रेस जन उत्साहित है। भीमताल विधानसभा में भी कांग्रेसजन उत्साहित है और उनमें खुशी की लहर है। मनोज शर्मा ने कहा कि यह जीत कांग्रेस के ईमानदार कार्यकर्ताओं की जीत, भाजपा के अहंकारी शासन की हार है, हठधर्मिता की हार है। भाजपा इस मद में चूर थी कि हम ही सब कुछ है , हमसे बड़ा कुछ नही है हमको कोई नही हरा सकता है । जनता ने अहंकारी सरकार को सबक सिखाने का काम किया है, धनबल व मशीनरी के भारी दुरूपयोग से भाजपा सोच रही थी कि हम जीत सकते है , जनता ने भाजपा को बताने का काम किया है कि आपको शासन चलाना नही आता है। केवल जाति , धर्म की राजनीति के सहारे चुनाव नही जीते जाते। कांग्रेस ही युवाओं के , महिलाओं के, किसानो, व्यापारियों के व समाज के हर व्यक्ति हित में निर्णय लेती है।

मनोज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की जीत अब लगातार जारी रहेगी , राहुल गाधी जिस तरह से जनता की आवाज को उठा रहे है उससे जनता का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा है। बद्रीनाथ सीट में भाजपा द्वारा धनबल के दम पर जनता पर जबरदस्ती चुनाव थोपा था, पहाड़ में विकास करने के बजाय, भाजपा जिस तरह जनभावनाओं को कुचल रही थी, जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। मंगलौर विधानसभा में भी जिस तरह भाजपा ने बाहरी प्रत्याशी को लाकर धनबल के दम पर गुंडागर्दी करी, गुंडागर्दी के दम पर चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया। जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का काम किया, जनता ने कांग्रेस पर जो विश्वास जताया है।

## News कॉर्नर

### बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की डीन साइंस प्रॉफ चित्रा पांडे ने बताया की डीएसबी परिसर में बीएस सी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है । आज तक बीएससी बायोलॉजी ग्रुप में 85 प्रवेश तथा बीएससी गणित वर्ग में 112 विधार्थी द्वारा प्रवेश लिया जा चुका है। बीएस सी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है । प्रॉफ पांडे ने कहा की जो विद्यार्थी जिन्होंने पंजीकरण कराया है यदि प्रवेश हेतु इच्छुक है तो 15 जुलाई को डीएसबी परिसर में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ बी अल टी बायो हेतु तथा गणित वर्ग हेतु सी अल आर में 11 बजे से संपर्क कर सकते है।

### पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानाचार्य कंचन जोशी ने विद्यालय में अभिभावकों हेतु टिन शेड निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य ने नालों की सफाई कराने एवं विद्यालय बाउंड्री के बाहर कूड़ा डालने वालों पर रोक लगाने, मच्छरजनित बीमारियों से निस्तारण हेतु विद्यालय परिसर में नियमित रूप से फागिंग कराने की बात कही। किया। डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाते हुये शिक्षा में जनपद को अग्रणी बनाने को निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीईओ केएस रावत,शिक्षक रमेश चन्द्र, अनुराग शर्मा, पूजा सुयाल, अभिभावक संतोष डिमरी मौजूद थे।

# रुद्रपुर जनता इंटर कॉलेज में पौधरोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' की शुरुआत की

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



रुद्रपुर जनता इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत वृक्षारोपण कर की गयी। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के साथ जेसीआई एल्युमनी संस्था ने विद्यालय में पौधे लगाये। कालेज के प्रधानाचार्य डा. सतीश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किये गये एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को अपने घर के आस-पास एक पौधा अपनी माँ के नाम से लगाना था। लेकिन बहुत बड़ा वर्ग इस प्रकार के छात्रों का है जिसके घर या आस-पास वृक्षारोपण का स्थान नहीं है उनके लिए विद्यालय में वृक्षारोपण करने का अवसर दिया गया है। इसी के अन्तर्गत जनता इंटर कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूवात की गयी। इस अभियान में स्थानीय जेसीआई एल्युमनी संस्था ने विद्यालय में 150 पौधे दिये गये। अभियान खंड शिक्षा अधिकारी मो. सावेद आलम, विद्यालय प्रबन्ध समिति, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार, जेसीआई ऐल्यूमनी क्लब एवं छात्रों ने पौधे लगाकर की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। वर्तमान में बढ़ते विकास के क्रम में पर्यावरण स्तर में निरन्तर गिरावट आ रही है जिससे निपटना एक बड़ी चुनौती है। प्रदूषण के इस बढ़ते दौर को रोकने के लिए पेड़ एक मात्र उपाय हैं इसलिए धरती और जीवन को बचाना है तो हमे अनिवार्य रूप से वृक्ष लगाने पड़ेंगे और उनकी सुरक्षा भी करनी पड़ेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने सभी अतिथियों जताया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पहले भी लगभग 2000 पौधे है। लेकिन विद्यालय को ट्री गार्ड की आवश्यकता है। जेसीआई एल्यूमनी क्लब के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि ट्री गार्ड उनकी संस्था उपलब्ध करायेगी। उनके साथ कैलाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हरवीर चौधरी, प्रदीप कुमार, सुनील शुक्ला, महेन्द्र मित्तल, श्रीराम मौर्य, नीलम अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल ने भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संजय आर्य, अर्जुन सिंह, भुवन चन्द्र डुंगराकोटी, मनोज सिंह, विजय त्रिवेदी, महेन्द्र कुमार, विरेन्द्र जोशी, हेम पंत, अमित कपूर, अनिल गंगवार, गोविन्द मजूमदार संजीत चक्रवर्ती, लाल बहादुर, रंजीत राज, अमित भारती, मुकेश, रचना नेगी, मनीषा, प्रियंका जोशी, ज्योति, कल्पना, वर्षा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# डीएम की आपदा से राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**रुद्रपुर/खटीमा**

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने लोहियाहेड गेस्ट हाउस में विगत दिनों में आई बाढ़ आपदा से राहत एवं बचाव कार्यों की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि बाढ़ से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां भी सिल्ट, मलबा आदि जमा हुआ है उसे शीघ्र हटाएं। उन्होंने ईई सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में जलभराव के कारण कभी ऐसी स्थिति न हो इसके लिए ड्रेन बनाने हेतु क्षेत्र में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

डीएम ने पूर्ति विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन व आवश्यकतानुसार ड्राई राशन वितरण करते रहे। ताकि कोई भी भूखा न रहे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अपनी टीम लगाकर बाढ़ में हुए पशु हानि का आंकलन कर अपनी रिपोर्ट शीघ्र दें ताकि ससमय प्रभावितों को मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने जल संस्थान को निर्देश दिए कि जिन-जिन स्थानों पर पशुओं को रखा गया है उनके पानी पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पाईपलाईनों का आंकलन कर तत्काल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि बाढ़ के कारण हुए जल भराव की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराएं एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी अवश्य कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसडीएम रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुवाठा, महाप्रबंधक रामगंगा एवं शारदा वैली यूजेवीएनएल लोहियाहेड महकार सिंह आदि मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के उपरान्त नगला तराई में बाढ़ के कारण टूटी नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उपमहाप्रबंधक यूजेवीएनएल लोहियाहेड एवं अधिशासी अभियंता हेड वर्क बरेली को निर्देश दिए कि नहर के बाँध को पूर्ण ठीक करने के उपरांत ही विद्युत उत्पादन हेतु नहर में पानी छोड़ा जाए।

# युवा वैश्य महासभा ने की गणेश महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी की एक आमसभा का आयोजन आज क्रिस्टल शुभ- सागर लॉन रामपुर रोड पर हुआ। साधारण सभा में वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा पिछले 2 साल में किए गए कार्य व आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। आगामी 07 सितंबर 2024 से प्रारंभ होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई ।

तत्पश्चात चुनाव अधिकारियों वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विजय गुप्ता, रजत माहेश्वरी द्वारा अगले दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अतुल जायसवाल तथा महामंत्री पद हेतु कपिल अग्रहरि को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमित जायसवाल द्वारा किया गया।

बैठक में युवा वैश्य महासभा के एवं घाटक दलों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रुप से युवा वैश्य महासभा पूर्व अध्यक्ष उमेश गुप्ता, अक्षत मित्तल, विपुल अग्रवाल, सुमित केसरवानी, डॉ पंकज अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सरिल गोयल, राजेश साहू, नवनीत देववंशी, सुनील माहेश्वरी, मोहन लाल अग्रहरि, उदय गुप्ता, कनव अग्रवाल, नितेश देवल, केतन जायसवाल, जलज वार्ष्णेय, विजय साहू, राजेश जायसवाल, मयंक अग्रवाल, नमन जैन, अनुज गोयल, अमित गोयल, प्रदीप साहू, सचिन खण्डेलवाल, अभिषेक अग्रहरि, पप्पू गुप्ता, ममित देवल, यश गुप्ता, तरूण माहेश्वरी, लोकेश साहू, योगेन्द्र साहू आदि की उपस्थिति रही।

# बोट हाउस क्लब की नौ सदस्यीय नई कार्यकारिणी चुनी



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित बोट हाउस क्लब नई कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा हो गई है अब इन जीते हुए प्रत्याशियों में से पदों की नियुक्ति जल्दी ही हो जाएगी और नई कार्यकारिणी बनेगी बता दें वार्षिक चुनाव के तहत शनिवार को हुई मतगणना के बाद नौ सदस्यी कार्यकारिणी चुन ली गई है।

इनमें आपसी राय के बाद चयनित सदस्यों को उपाध्यक्ष, सचिव समेत अन्य पदों पर आसीन किया जाएगा। चुनाव में कुल 3785 मतदाताओं में से 1643 सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से 1299 ने ई-वोटिंग तथा 344 मतदाताओं ने मतदान किया।

नई कार्यकारिणी के चुनाव लिए बीते दिवस दोपहर बाद एक बजे से शुरु हुई मतदान प्रक्रिया लगभग शाम 6:00 बजे तक चली। चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी उतरे थे। जिसमें 9 कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने थे। आज सुबह 11 बजे मतगणना शुरु हुई। मतगणना के तत्पश्चात निर्वाचित प्रबंधन कमेटी की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से मुकुंद प्रसाद को सचिव और चौधरी धीर सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया शेष पदों पर बाद में चुनाव होगा। उसके प विजेता प्रत्याशियों द्वारा जश्न मनाया और सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने में चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह अधिकारी, रजत टंडन, गोपाल कृष्ण वर्मा, राजीव सिंह बिष्ट की देखरेख में सम्पन्न हुए। प्रशासनिक अधिकारी जीबी जोशी, चंदन जोशी व क्लब के अन्य कर्मचारियों ने चुनावों में सहयोग दिया।

### युवक से की मारपीट बेसुध सड़क छोड़ हुए फरार

**नैनीताल ।** खटीमा से नैनीताल दोस्त घूमने आए थे जिसमें से कुछ युवकों ने देर रात मारपीट कर दी। इस दौरान एक युवक बेसुध होकर सड़क पर गिर गया। मारपीट और हंगामा होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो मारपीट कर रहे युवक फरार हो गए। वही पुलिस चोटिल युवक को लेकर बीडी पांडे अस्पताल लेकर गई जहां पर उसे उपचार दिया गया। वही मामले में पीड़ित की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# गौलापार महाविद्यालय को समायोजित करने को लेकर आक्रोश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गौलापार महाविद्यालय को समायोजित करने को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। पूर्व छात्र संघ सचिव व भाजपा नेता पान सिंह मेवाड़ी ने उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से देहरादून उनके आवास में मुलाकात कर राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर किशनपुर गौलापार को एमबीपीजी कालेज एवं महिला कालेज में समायोजित नहीं करने तथा क्षेत्र की जनभावनाओं व शिक्षा के विकास तथा छात्र छात्राओं के हित में राजकीय महाविद्यालय को स्थाई रूप से गौलापार में ही चलाने की मांग रखी।

उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत द्वारा स्पष्ट आश्वासन दिया कि मैं राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर को स्थाई रूप से गौलापार में ही चलाने और साथ ही कालेज के लिए भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही जल्दी करने को लेकर गंभीर रूप से आश्वासन दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।



# गधेरे में बहे पेट्रोल पंप कर्मी का तीन दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



तीन दिन पहले पानी के तेज बहाव में बहे पेट्रोल पंप कर्मचारी का पता अब तक नहीं चल पाया है। प्रशासन की टीम को युवक की तलाश में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। युवक की तलाश में डॉग क्वायड का भी सहारा लिया गया है।

गौरतलब है कि बीती 11 जुलाइ की रात दमुवाढूंगा देवखड़ी गधेरे में नरपाल सिंह उर्फ आकाश घर लौटते वक्त बुलेट समेत बह गया था। उसकी बाइक तो घटना की अगली सुबह बरामद हो गई थी लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। इधर उसकी तलाश तलाश में प्रशासन की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। शहर में कवर की गई नहरों के साथ ही नाले-नालियों में उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच आज रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व तहसीलदार सचिन कुमार ने नवाबी रोड के निकट नहर कवरिंग में युवक की गहनता से तलाश की। दोपहर तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने आशंका जताई कि युवक बहने के बाद मिट्टी-रेत में भी धंसा हो सकता है। इसके तहत भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### हल्द्वानी-कालाढूंगी समेत आठ सड़कें बंद

जिले में बीते 24 घं टे में हल्द्वानी में सबसे अधिक 57.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। जिले में मंगोली-खमपारी थापला मार्ग, हरीशताल मार्ग, नौकुचियाताल-जंगलियागांव, फतेहपुर-बेल मोटर मार्ग, हल्द्वानी-कालाढूंगी समेत आठ सड़कें अब भी बंद हैं। बारिश से ओखलकांडा खेत्र में पेयजलापूर्ति प्रभावित चल रही है। आठ पशुओं की हानि भी हुई है।